**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या – 1104**

**दिनांक 24.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**महाराष्ट्र के बार्शी में डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र**

**1104. श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकरः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के बार्शी में एक नया डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र (पीओपीएसके) स्थापित करने की मांग की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो उक्त मांग पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार का बार्शी में डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र स्थापित करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो इसे कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**

**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) जी हाँ।

(ख) से (घ) पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीएसके)/डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीओपीएसके) को खोलना एक सतत प्रक्रिया है और यह वर्तमान पीएसके/पीओपीएसके की उपलब्ध्ता, मौजूदा

पीओ/पीएसके/पीओपीएसके से दूरी, किसी विशेष क्षेत्र से पासपोर्ट आवेदनों की बढ़ती मांग सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। विदेश मंत्रालय ने डाक विभाग (डीओपी) के सहयोग से जनवरी 2017 में महाराष्ट्र सहित देश के प्रत्येक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र (एलएससी) के उन प्रधान डाकघरों (एचपीओ)/डाकघरों (पीओ) में सेवा केंद्र खोलने का निर्णय लिया, जहाँ कोई पीएसके या पीओपीएसके नहीं है और जिन्हें डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) कहा जाता है। इस पहल के तहत, उस्मानाबाद (धाराशिव) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत उस्मानाबाद (धाराशिव) में एक पी.ओ.पी.एस.के. पहले से ही कार्यरत है और बार्शी तालुका इसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

*****